# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 26.12.2025 (दोपहर–1430 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार किए प्रदान, रांची की अनुष्का कुमारी को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया पुरस्कृत।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस पर वीर साहिबजादों के बलिदान को श्रद्धापूर्वक किया याद, कहा उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को देता रहेगा प्रेरणा।
- धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह आज किया गया आयोजित, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार हुए कार्यक्रम में शामिल।
- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर जताई चिंता, सरकार से पुलिस व्यवस्था सुधारने की मांग की।
- रांची में 27 से 30 दिसंबर तक राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता की जाएगी आयोजित, देशभर से करीब 950 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा।

***************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ये पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को प्रोत्साहित करेंगे और देश भर के बच्चों को प्रेरित करेंगे।

***************************

रांची की 14 वर्षीय फुटबॉलर अनुष्का कुमारी को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अनुष्का कुमारी का चयन भारतीय अंडर–17 महिला फुटबॉल टीम के लिए किया गया है। अनुष्का ने सैफ़ महिला चौंपियनशिप 2024 में भूटान के खिलाफ 7–0 की जीत में हैट्रिक सहित शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सब–जूनियर नेशनल और सैफ़ अंडर–16 चैंपियनशिप में भी सर्वाधिक गोल कर टॉप स्कोरर का खिताब हासिल किया।

***************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के 20 विजेताओं से बातचीत की। इस अवसर पर बोलते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह दिन साहस, दृढ़ विश्वास और सत्यनिष्ठा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने इस बात का उल्लेख किया कि साहिबजादों का जीवन और आदर्श आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

***************************

धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पैंतीस पीएचडी होल्डर सहित यूजी, पीजी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के कुल दो सौ बीस छात्रों को राज्यपाल के हाथों डिग्री प्रदान की गयी। मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राज्य में शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं। साउण्ड बाईट– राज्यपाल, धनबाद ऑन दीक्षान्त समारोह – 18 सेकेंड

***************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संथाली भाषा में संविधान के प्रकाशन की सराहना की है। इसका विमोचन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इससे संवैधानिक जागरूकता और

लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को संथाली संस्कृति और राष्ट्रीय प्रगति में संथाली लोगों के योगदान पर गर्व है।

***************************

इधर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने संताल आदिवासी समाज की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्र सरकार का आभार जताया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्होंने कहा कि भारत का संविधान ओल चिकी लिपि में संताली भाषा में उपलब्ध होना संताल समाज के लिए गर्व और सम्मान की बात है। श्री मरांडी ने कहा कि इस पहल से संताल समाज को अपने अधिकारों और कर्तव्यों को मातृभाषा में समझने में सुविधा मिलेगी।

***************************

जमशेदपुर में जी राम जी योजना को लेकर लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। योजना का लाभ लेने वाले नागरिकों के साथ–साथ बुद्धिजीवी वर्ग भी केंद्र सरकार की इस पहल की सराहना कर रहा है। शिक्षक रामकृष्ण ठाकुर ने कहा कि इस योजना से निचले तबके के लोगों को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी।

***************************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को गंभीर चिंता का विषय बताया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्होंने एससीआरबी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2025 के जनवरी से अक्टूबर तक महिलाओं के खिलाफ चार हजार दो सौ चौरानबे मामले दर्ज हुए हैं और राजधानी रांची में ऐसे अपराधों में सैंतालीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से पुलिस व्यवस्था में सुधार कर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

***************************

दुमका जिले के रानेश्वर और सदर प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर शरद ऋतु में खजूर के रस से गुड़ बनाने वाली करीब दो टोलिया पश्चिम बंगाल से पहुंची हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************************

प्रमुख घरेलू शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शून्य दशमलव तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई। ताजा समाचार प्राप्त होने तक सेंसेक्स तीन सौ 17 अंक गिरकर पचासी हजार बिरानबे पर और निफ्टी सतासी अंक लुढक कर छब्बीस हजार पचपन पर कारोबार कर रहा था।

***************************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 28 हजार 5 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 27 हजार रुपये प्रति किलो है।

***************************

रांची के रातू रोड स्थित रतनलाल जैन स्मृति भवन परिसर में 27 से 30 दिसंबर 2025 तक 50वीं सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। झारखंड योग एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग नौ सौ पचास खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

***********समाप्त**************